भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1292
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भक्तों को सुविधाएं

†1292. श्रीमती संध्या राय:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के दतिया और भिंड जिलों में शक्तिपीठों/दिव्यस्थलों के संवर्धन और सुविधा के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा इस संबंध में वर्ष-वार कितनी निधि आवंटित की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) अन्य बातों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के धार्मिक स्थलों सहित भारत का संवर्धन एक सम्पूर्ण पर्यटन गंतव्य के रूप में करता है। आध्यात्मिक पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों और थीमों को हाइलाइट करने के लिए भी संवर्धन किया जाता है। इसके अतिरिक्त आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों के जरिए भी पर्यटन गंतव्यों का प्रचार किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' (एसडी), और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजनाओं के अंतर्गत पर्यटक गंतव्यों में अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु दतिया जिले में श्री पीतंबरा पीठ और मुरैना जिल में शनिदेव मंदिर चिह्नित किया है। इसके अतिरिक्त एसडी 2.0 के अंतर्गत विकास हेतु ग्वालियर तथा चित्रकूट को चिह्नित किया गया है। पिछले तीन वर्षों में मध्य प्रदेश राज्य में प्रशाद और एसडी के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्रीमती संध्या राय द्वारा भक्तों को सुविधाएं के संबंध में दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1292 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजना के तहत मध्य प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

परियोजना का नाम	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
स्वदेश दर्शन	2015-16	पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास।	92.10
	2016-17	सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02
	2016-17	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास	89.82
	2017-18	गांधी सागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बारगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76
प्रशाद	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93
	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99

****